
# पांच दिवसीय-डिजिटल मार्केटिंग पर मैनेजमेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम में छात्रों को किया जागरूक

- व्यक्तिगत व व्यवसायिक जीवन में सामंजस्य जरूरी : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

खानपुर कलां गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल, सेंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन तथा कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय-डिजिटल मार्केटिंग पर मैनेजमेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम गुरुवार को प्रारंभ हो गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने कहा



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश का स्वागत करते आयोजन समिति सदस्य।

कि युवा मस्तिष्क नायाब विचारों से भरपूर होते हैं। वे सक्रिय विचारधारा के साथ किसी भी दिशा में नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत और व्यवसायिक जीवन में सामंजस्य बैठाने पर भी बल दिया। एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी से रचना त्रिपाठी ने बतौर मुख्य वक्ता स्टार्टअप, इनोवेशन और स्किल इंडिया सहित एमएसएमई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। रिसोर्स पर्सन के रूप में डिजिटल ओरा कंपनी के पुनीत शर्मा एवं शिव कुमार ने छात्राओं को सर्च इंजन, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग सहित अन्य तकनीकों से अवगत कराया। इस कार्यशाला के आयोजक सचिव आईपीआर सेल के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद मलिक हैं। कार्यशाला की को-आर्डिनेटर कॉमर्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा और कन्वीनर सेंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन की नोडल अधिकारी डॉ. अंशु भारद्वाज हैं। इस अवसर पर कॉमर्स विभाग के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डिजिटल मार्केटिंग पर पांच दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोहाना।** खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल, सेंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन व वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डिजिटल मार्केटिंग पर पांच दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू हुआ।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स की अहमियत बताते हुए उन्हें विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी से रचना त्रिपाठी ने स्टार्टअप, इनोवेशन और स्किल इंडिया सहित एमएसएमई की

## मुख्य अतिथि ने डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स के बारे में बताया

तरफ से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग सहित केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।

पुनीत शर्मा व शिवकुमार ने छात्राओं को सर्च इंजन, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग सहित अन्य तकनीकों से अवगत कराया। इस दौरान डॉ. प्रमोद मलिक, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. अंशु भारद्वाज व वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और प्रशिक्षक। संवाद

# वी.सी. ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सामंजस्य पर दिया बल

## डिजीटल मार्केटिंग पर 5 दिवसीय मैनेजमैंट डिवैल्पमैंट कार्यक्रम प्रारंभ

गोहाना, 1 फरवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के आई.पी.आर. सैल, सैंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इक्यूबेशन तथा कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डिजीटल मार्केटिंग पर 5 दिवसीय मैनेजमैंट डिवैल्पमैंट कार्यक्रम गुरुवार को प्रारंभ हो गया।

मुख्य अतिथि वी.सी. प्रो. सुदेश रहीं। उन्होंने छात्राओं को डिजीटल मार्केटिंग स्किल्स की अहमियत बताई। वी.सी. ने कहा कि युवा मस्तिष्क नायाब विचारों से भरपूर होते हैं। कोई भी विचार असंगत नहीं होता।



*आयोजन समिति की टीम वी.सी. प्रो. सुदेश को पौधा भेंट करते हुए।* (अरोड़ा)

जो विचार शुरू में छोटा लगे, आगे चलकर वही विचार बड़ा सिद्ध हो सकता है। वी.सी. ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सामंजस्य पर भी बल दिया।

एम.एस.एम.ई. प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी से रचना त्रिपाठी ने स्टार्टअप, इनोवेशन और स्किल इंडिया के बारे में बताया। उन्होंने डिजीटल मार्केटिंग और कंटैंट मार्केटिंग की भी जानकारी दी। डिजीटल ओरा कंपनी के पुनीत शर्मा और शिव कुमार ने सर्च इंजन, डिजीटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटैंट राइटिंग आदि के बारे में बताया।

कार्यशाला आयोजन सचिव आई.पी.आर. सैल के नोडल अधिकारी डॉ प्रमोद मलिक हैं। को-आर्डिनेटर कॉमर्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. भावना शर्मा हैं तथा कन्वीनर सैंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इक्यूबेशन की नोडल अधिकारी डॉ. अंशु भारद्वाज हैं। इस अवसर पर कॉमर्स विभाग के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डिजिटल मार्किटिंग पर मैनेजमैंट डिवैल्पमैंट कार्यक्रम का प्रारंभ



प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुदेश।

गोहाना, 1 फरवरी (रामनिवास धीमान): गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल, सेंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन तथा कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय-डिजिटल मार्केटिंग पर मैनेजमैंट डेवलपमैंट कार्यक्रम का आज प्रारंभ हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स की अहमियत बताते हुए उन्हें विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि युवा मस्तिष्क नायाब विचारों से भरपूर होते हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं से खुले मन से अपने विचार सांझा करने का आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी विचार असंगत नहीं होता। जो विचार शुरू में छोटा लगे, आगे चलकर वही विचार बड़ा सिद्ध हो सकता है, ऐसा उनका कहना था। कुलपति ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सामंजस्य बैठाने पर भी बल दिया। एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी से रचना त्रिपाठी ने बतौर मुख्य वक्ता ने डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग सहित केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन के रूप में डिजिटल ओरा कंपनी के पुनीत शर्मा एवं शिव कुमार ने छात्राओं को सर्च इंजन, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग सहित अन्य तकनीकों से अवगत करांया। इस कार्यशाला के आयोजन सचिव, आईपीआर सेल के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद मलिक तथा कोआर्डिनेटर कॉमर्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. भावना शर्मा तथा कन्वीनर सेंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन की नोडल अधिकारी डॉ अंशु भारद्वाज रहे। इस अवसर पर कॉमर्स विभाग के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।